**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1077**

**07 फरवरी, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**ई-मार्केटिंग और ई-कॉमर्स**

**1077. प्रो. रीता बहुगुणा जोशीः**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने कपड़ा क्षेत्र के लिए ई-मार्केटिंग और ई-कॉमर्स के अवसरों को बढ़ाने के लिए एक रोडमैप तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) हथकरघा उद्योगों को आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) सरकार द्वारा हस्तशिल्प तकनीकों और पारंपरिक हस्तकला कारीगर गांवों को तकनीकी रूप से एकीकृत करने और उनकी कला को बढ़ावा देने के लिए क्या विशेष कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र मंत्री**

**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

**(क) से (ग)**: हथकरघा उत्पादों की ई-मार्केटिंग और ई-कामर्स का संवर्धन करने के लिए अगस्त, 2015 में एक नीतिगत ढांचा तैयार किया गया था जिसकें अतंर्गत अच्छे ट्रेक रिकॉर्ड वाला कोई इच्छुक ई-कामर्स प्लेटफॉर्म हथकरघा उत्पादों के ऑनलाइन विपणन में भाग ले सकता है। तदनुसार हथकरघा उत्पादों के ऑनलाइन विपणन के लिए निम्नलिखित **23 ई-कॉमर्स कंपनियों** की सेवाएं ली जा रही हैं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स वीवस्मॉर्ट ' ऑनलाइन सर्विसेज़ | 2. | मैसर्स ईबे इंडिया प्रा. लि. |
| 3. | मैसर्स क्राफ्ट विला हैंडीक्राफ्ट प्रा. लि. | 4. | मैसर्स पैगारसे टेक्नॉलाजीस प्रा. लि. |
| 5. | मैसर्स गोकूप सॉल्यूशंस एंड सर्विसेज़ प्रा. लि. | 6. | मैसर्स सेनोरिटा क्रिएशन्स (प्रा.) लि. |
| 7. | मैसर्स अमेज़न सैलर सर्विसेज़ प्रा. लि. | 8. | मैसर्स टेकवाइडर नेटवर्क इंडिया प्रा. लि. |
| 9. | मैसर्स वीनस शॉपी | 10. | मैसर्स मोडी सॉफ्टवेयर आरएंडडी प्रा. लि. |
| 11. | मैसर्स ईरमइन्फोटेक प्रा. लि. | 12. | मैसर्स डी'ज एले |
| 13. | मैसर्स आरमार्ट ई-कॉमर्स एलएलपी | 14. | मैसर्स बिग फुट रिटेल सोल्यूशन्स |
| 15. | मैसर्स क्लूज नेटवर्क प्रा. लिमिटेड | 16. | मैसर्स ओरपैक्सक्वाल्ट्रा |
| 17. | मैसर्स सुरेखा आर्ट्स | 18. | मैसर्स बाइंड बाइंड ई-कॉमर्स प्रा. लि. |
| 19. | मैसर्स फ्लिपकॉर्ट इंटरनेट प्रा. लि. | 20. | मैसर्स डेनिम क्लब इंडिया |
| 21. | मैसर्स मिंतरा डिजाइन प्रा. लि. | 22. | मैसर्स शॉपिंगकॉर्ट 24 ऑनलाइन सर्विसेज़ प्रा. लि. |
| 23. | मेसर्स चारु क्रिएशन प्रा. लि. | | |

इसके अलावा, उपभोक्ताओं को सीधे अपने उत्पादों की बिक्री करने और घरेलू तथा निर्यात बाजार में विपणन चैनलों का विकास और संवर्धन करने के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर हथकरघा बुनकरों/एजेंसियों को विपणन प्लेटफॉर्म मुहैया कराने के लिए देशभर में 'राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी)' के एक संघटक हथकरघा विपणन सहायता (एचएमए)' प्रचालनशील है।

(घ): सरकार निम्नलिखित के माध्यम से हस्तशिल्प क्षेत्र को प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करती है:

1. **प्रौद्योगिकी उन्नयन**: प्रौद्योगिकी उन्नयन घटक के अंतर्गत विशेषज्ञ तकनीकी एजेंसी की सहायता से कारीगरों के परंपरागत टूल किटों में सुधार किया जा रहा है और नए टूल किट विकसित किए जा रहे हैं तथा कारीगरों को वितरित किए जा रहे हैं।

**2. डिजाइन विकास और विविधीकरण**: डिजाइन विकास और विविधीकरण घटक के अंतर्गत परंपरागत डिजाइनों के मौजूदा सेट का विविधीकरण किया जा रहा है और राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट)/राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) की सहायता से नई डिजाइने विकसित की जा रही हैं।

**3. शिल्प के समग्र विकास के लिए शिल्प ग्राम की स्थापना**: विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) का कार्यालय नए शिल्प ग्रामों की स्थापना करने और मौजूदा शिल्प ग्रामों की अवसंरचना में सुधार दोनों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

*****